# सोना चमका, चांदी में 11% की गिरावट

**1.58** लाख रुपए पार पहुंचा सोना | **28** हजार रुपए पर टूटी चांदी



**नई दिल्ली, 05 फरवरी. अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेजी के बीच गुरुवार को भारत में सोने की कीमतों ने नया उछाल दिखाया, जबकि चांदी के दामों में भारी गिरावट दर्ज की गई.**

वैश्विक स्तर पर सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ने से सोना 5000 डॉलर के पार पहुंच गया है, जिसका सीधा असर घरेलू सर्राफा बाजार पर पड़ा. वहीं चांदी की कीमतों में एक ही दिन में बड़ी टूट देखने को मिली है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में गुरुवार को सोने और चांदी की कीमतों में जबरदस्त बदलाव देखने को मिली. हाल के दिनों में आई भारी गिरावट के बाद निवेशकों ने निचले स्तर पर दोबारा खरीदारी शुरू कर दी है, जिससे सोने की कीमतों में 1 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी दर्ज की गई.

स्पॉट गोल्ड 1.1 प्रतिशत उछलकर 5,016.89 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है. इससे पहले पिछले हफ्ते सोने ने 5,594.82 डॉलर प्रति औंस का ऑल-टाइम हाई छुआ था. भारतीय बाजार में भी इसका असर साफ दिखा. एमसीएक्स पर सोना 0.72 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,50,313 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है, जबकि आईबीजेए के मुताबिक रिटेल मार्केट में 10 ग्राम सोना का भाव बढ़कर 1,58,158 रुपये तक पहुंच गया है.

दूसरी ओर, चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई. एमसीएक्स पर चांदी करीब 11 प्रतिशत टूटकर 2,48,654 रुपये प्रति किलो पर आ गई, जबकि घरेलू बाजार में इसका भाव 2,76,538 रुपये प्रति किलो दर्ज किया गया.

> विशेषज्ञों के अनुसार, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, जियोपॉलिटिकल तनाव और सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग के कारण सोने में मजबूती बनी रह सकती है. हालांकि बाजार में उतार-चढ़ाव फिलहाल जारी रहने की संभावना है.

## रुपया 15 पैसे टूटा

**मुंबई, 05 फरवरी.** अंतर बैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया बुधवार को 15 पैसे कमजोर हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 90.47 रुपये का बोला गया. भारतीय मुद्रा मंगलवार को 117.50 पैसे की जबरदस्त बढ़त के साथ 90.32 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ थी. रुपया आज तीन पैसे टूटकर 90.35 रुपये प्रति डॉलर पर खुला. उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में यह ऊपर 90.27 रुपये और नीचे 90.54 रुपये प्रति डॉलर तक गया. पिछले कारोबारी दिवस की बड़ी तेजी के बाद आज कम कीमत पर डॉलर की खरीद बढ़ने से भारतीय मुद्रा पर दबाव रहा. हालांकि विदेशी संस्थागत निवेशकों के भारतीय पूंजी बाजार में पैसा लगाने से रुपये की गिरावट सीमित रही. अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमत में रही तेजी अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक की मजबूती ने भी रुपये पर दबाव बनाया.

# भारत बनेगा टेक डिप्लोमेसी का केंद्र

एआई इम्पैक्ट समिट : रिस्क मैनेजमेंट और कम्प्लायंस पर जोर

एआई और फाइनेंशियल सिक्योरिटी पर वैश्विक विमर्श



**नई दिल्ली, 05 फरवरी. भारत इस महीने वैश्विक टेक विमर्श का बड़ा केंद्र बनने जा रहा है. एआई इम्पैक्ट सम्मीट 2026 में दुनिया के 100 से अधिक देशों के 500 से ज्यादा स्टार्टअप्स के शामिल होने की उम्मीद है.**

इस अहम शिखर सम्मेलन में अमेरिका की ओर से उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भारत पहुंचेगा, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वित्तीय स्थिरता और वैश्विक टेक सहयोग जैसे मुद्दों पर अपना दृष्टिकोण साझा करेगा. भारत में इस महीने आयोजित होने जा रहे एआई इम्पैक्ट सम्मीट 2026 में अमेरिका की सक्रिय भागीदारी देखने को मिलेगी. व्हाइट हाउस के अनुसार, अमेरिकी विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति कार्यालय के निदेशक माइकल क्रैट्सियोस इस समिट में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे. इस दौरान वे अमेरिका के एआई एक्सपोर्ट्स प्रोग्राम को लेकर भी अपडेट साझा करेंगे, जिसे एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के तहत वैश्विक स्तर पर अमेरिकी टेक स्टैक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किया गया था. अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल में कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे, जिनमें आर्थिक मामलों के अवर सचिव जैकब हेलबर्ग, अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए वाणिज्य विभाग के अवर सचिव विलियम किमिट और उद्योग एवं सुरक्षा मामलों के अवर सचिव जेफरी केसलर शामिल हैं.

> माइकल क्रैट्सियोस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि अमेरिका एआई इनोवेशन के लिए 'गोल्ड स्टैंडर्ड' तय कर रहा है और इसे अपने वैश्विक साझेदारों के साथ साझा करना चाहता है. वहीं अमेरिका के वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट ने हाल ही में कांग्रेस को बताया कि एआई अब वित्तीय स्थिरता के लिए शीर्ष चार प्राथमिकताओं में शामिल है. बैंकों और फाइनेंशियल मार्केट्स में रिस्क मैनेजमेंट, कम्प्लायंस और ऑपरेशनल जरूरतों के लिए एआई का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है.

# ब्रिक्स औद्योगिक दक्षता केंद्र में शामिल हुआ भारत



**नई दिल्ली, 05 फरवरी. भारत को ब्रिक्स औद्योगिक दक्षता केंद्र में शामिल हो गया, जिससे देश के सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यमों के विकास में मदद मिलेगी. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा यहां वाणिज्य भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में भारत बीसीआईसी का सदस्य बना.**

यह केंद्र संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन के साथ साझेदारी में ब्रिक्स देशों में विनिर्माण कंपनियों और एमएसएमई को एकीकृत सहायता सेवाएं प्रदान करने करता है. इसका मुख्य उद्देश्य उद्योग 4.0 की दक्षताओं को मजबूत करना है. डीपीआईआईटी के आर्थिक सलाहकार अग्रिम कौशल और यूएनआईडीओ के निदेशक क्रिस्टियानो पासिनी ने एक ट्रस्ट फंड समझौते पर हस्ताक्षर किये जिसके तहत बीसीआईसी ढांचे में भारत की भागीदारी को औपचारिक रूप दिया गया. भारत में राष्टीय उत्पादकता परिषद को ब्रिक्स औद्योगिक दक्षताओं के केंद्र के रूप में नामित किया गया है. एनपीसी उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग के नीतिगत मार्गदर्शन और यूएनआईडीओ के तकनीकी सहयोग से ब्रिक्स औद्योगिक दक्षताओं के साथ देश की सहभागिता का नेतृत्व करेगा और क्षमता निर्माण, उत्पादकता वृद्धि और उन्नत विनिर्माण पद्धतियों को अपनाने में योगदान देगा.

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डीपीआईआईटी के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने की. इसमें एनपीसी की महानिदेशक नीरजा शेखर के अलावा डीपीआईआईटी, एमएसएमई मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, यूएनआईडीओ तथा फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे.

## सरकारी लेन-देन की सुविधा वाले बैंक 31 मार्च को खुले रहेंगे

**मुंबई, 05 फरवरी.** सरकारी लेन-देन की सुविधा वाले सभी बैंक 31 मार्च को महावीर जयंती के मौके पर खुले रहेंगे. रिजर्व बैंक ने बताया कि इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से अनुरोध किया गया था ताकि वित्त वर्ष 2025-26 के आखिरी दिन 31 मार्च को बैंक खुले रखकर प्राप्ति और भुगतान संबंधी सभी लेन-देन को उसी दिन अंजाम दिया जा सके. केंद्रीय बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों को इसके बारे में सूचना का ज्यादा से ज्यादा प्रसार करने का निर्देश दिया है. उल्लेखनीय है कि 31 मार्च को महावीर जयंती है. उस दिन कई राज्यों में सार्वजनिक अवकाश है. दरअसर मार्च में 11 ऐसे दिन हैं जब किसी न किसी राज्य में बैंकों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा.

# शेयर बाजारों में आई गिरावट

**मुंबई, 05 फरवरी. घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को चौतरफा बिकवाली रही और बीएसई का सेंसेक्स 503.76 अंक (0.60 प्रतिशत) टूटकर 83,313.93 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 133.20 अंक यानी 0.52 प्रतिशत फिसलकर 25,642.80 अंक पर आ गया. तीन दिन की तेजी के बाद बाजार में बिकवाली हावी रही है.**

**504** अंक पर लुढ़का सेंसेक्स

**133** अंक पर फिसला निफ्टी

मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांक भी गिरावट में रहे. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.22 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.28 प्रतिशत नीचे बंद हुआ. धातु, ऑटो, आईटी, निजी बैंकों, रियलटी, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांक लाल निशान में रहे. सार्वजनिक बैंकों और स्वास्थ्य समूहों के सूचकांक बढ़त में रहे.



सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल का शेयर ढाई प्रतिशत टूट गया. भारती एयरटेल, बीईएल, आईटीसी और इंफोसिस में एक से दो प्रतिशत की गिरावट रही. रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, टाइटन, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एलएंडटी, बजाज फिनसर्व, इंडिगो, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी लाल निशान में रहे. ट्रेंट का शेयर करीब तीन प्रतिशत और टाटा स्टील का एक प्रतिशत से अधिक चढ़ा. भारतीय स्टेट बैंक का शेयर भी हरे निशान में रहा.

## क्रिप्टो बाजार में उथल-पुथल

**नई दिल्ली, 05 फरवरी** क्रिप्टोकरेंसी बाजार में इस हफ्ते भारी उथल-पुथल देखने को मिली है. प्रमुख क्रिप्टो बिटकॉइन की कीमत में सिर्फ एक हफ्ते में लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है. वर्तमान में बिटकॉइन का भाव लगभग 70,000 डॉलर के स्तर पर कारोबार कर रहा है. केवल एक दिन में ही इसमें 8 प्रतिशत की गिरावट देखी गई.अन्य प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी जैसे ईथर, सोलाना, ट्रॉन, डॉजकॉइन और कार्डानो में भी 6-30 प्रतिशत तक की गिरावट आई है. वैश्विक क्रिप्टो बाजार की कुल पूंजी में लगभग 500 बिलियन की कमी हुई और कुल मूल्य घटकर 2.42 ट्रिलियन डॉलर रह गया. विश्लेषकों के अनुसार, बिटकॉइन की यह गिरावट किसी क्रिप्टो समस्या की वजह से नहीं है.

# रिजर्व बैंक ने क्रय-विक्रय स्वैप के तहत खरीदे 10 अरब डॉलर




**मुंबई, 05 फरवरी. रिजर्व बैंक ने क्रय/विक्रय स्वैप ऑक्शन के तहत वाणिज्यिक बैंकों से बुधवार को 10 अरब डॉलर खरीदे.**

केंद्रीय बैंक ने बताया कि उसने औसतन 7.5166 रुपये के प्रीमियम पर यह खरीद की है. सफलतापूर्वक बोली लगाने वाले वाणिज्यिक बैंक 06 फरवरी को रिजर्व बैंक को डॉलर देंगे. इस सौदे के दूसरे चरण के तहत तीन साल बाद 06 फरवरी 2029 को तय प्रीमियम पर रिजर्व बैंक वाणिज्यिक बैंकों को वापस डॉलर बेचेगा. 10 अरब डॉलर के प्रस्ताविक ऑक्शन के लिए 25.03 अरब डॉलर का प्रस्ताव प्राप्त हुआ था. कटऑफ प्रीमियम 7.48 रुपये रखा गया था. केंद्रीय बैंक ने पिछले साल दिसंबर और इस साल जनवरी में भी डॉलर क्रय/विक्रय स्वैप ऑक्शन को अंजाम दिया था.

# देश में बनेगा उभयचर विमान एल्बेट्रोस

रक्षा और सरकारी क्षेत्रों के लिए होंगे विशेष संस्करण

**नई दिल्ली, 05 फरवरी. पानी और जमीन दोनों पर उतरने में सक्षम उभयचर विमान बनाने में विशेषज्ञता रखने वाली ऑस्ट्रेलियाई कंपनी एंफीबियन एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (एएआई) ने भारत में अपने एल्बेट्रोस 2.0 विमानों के एक हिस्से के निर्माण के लिए भारतीय कंपनी एपोजी एयरोस्पेस के साथ करार किया है.**

साथ ही एएआई ने इन विमानों के रक्षा और सरकारी ग्राहकों को विमानों की बिक्री के लिए एपोजी एयरोस्पेस को भारतीय उपमहाद्वीप में अपना प्राधिकृत प्रतिनिधि सहयोगी भी घोषित किया है. इसके अलावा, एल्बेट्रोस विमानों के लिए रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉलिंग (एमआरओ) सुविधा देने के लिए भी प्राधिकृत किया गया है. दोनों कंपनियों द्वारा गुरुवार को आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एपोजी एयरोस्पेस एल्बेट्रोस 2.0 विमान के लिए टेल सेक्शन (पिछले हिस्से) का निर्माण करेगी. एएआई की प्रवर्तक कंपनी एंफीबियन एयरक्राफ्ट होल्डिंग्स (एएएच) के संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष ख्वा होंग ने कहा कि भविष्य में देश में असेम्बली लाइन लगाने की भी उनकी योजना है.



## पेट्रोल-डीजल के नए दाम जारी

**नई दिली, 05 फरवरी.** महंगाई के मोर्चे पर लोगों को आज मिली-जुली खबर मिली है. 5 फरवरी को सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के नए दाम जारी कर दिए हैं. देश के कई बड़े शहरों में कीमतें स्थिर बनी हुई हैं, जबकि कुछ जगहों पर मामूली बदलाव दर्ज किया गया है. 5 फरवरी 2026 को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में देशभर में मिला-जुला रुख देखने को मिला है. सरकारी तेल कंपनियों द्वारा जारी नए रेट्स के मुताबिक, अधिकांश महानगरों में ईंधन की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं.

# टाटा मोटर्स पीवी को बड़ा घाटा

**मुंबई, 05 फरवरी. ऑटोमोबाइल सेक्टर की दिग्गज कंपनी टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के तिमाही परिणामों ने निवेशकों और बाजार की चिंता बढ़ा दी है.**

अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी को 3,486 करोड़ का शुद्ध घाटा हुआ है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में उसने 5,485 करोड़ का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया था. यह गिरावट सिर्फ आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे कई संरचनात्मक और वैश्विक कारण जुड़े हुए हैं.

डिमर्जर के बाद स्वतंत्र इकाई के रूप में सामने आई टाटा मोटर्स के लिए यह तिमाही विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण रही. कंपनी के रेवेन्यू में 25 प्रतिशत की भारी गिरावट आई, जिसका सबसे बड़ा कारण इसकी लग्जरी कार यूनिट जगुआर लैंड रोवर में आई बाधाएं रही. साइबर हमले के कारण का उत्पादन लंबे समय तक प्रभावित रहा, जिससे बिक्री व कैश फ्लो पर सीधा असर पड़ा. हालांकि कमजोर तिमाही परिणामों के बावजूद प्रबंधन को अगले महीनों से उम्मीद है. घरेलू बाजार में मांग मजबूत बनी हुई है और नए प्रोडक्ट लॉन्च व टेक्नोलॉजी आधारित नवाचारों को कंपनी सुधार का आधार मान रही है.

## समाचार विशेष

### पेज 1 का शेष

#### कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान में नफरत...

विपक्षी दलों की सरकारें केवल जेब भरने का काम करती है. टीएमसी, कांग्रेस, लेफ्ट, डीएमके दशकों से केंद्र में सत्ता का हिस्सा रहे. उनकी पहचान क्या बनी, उनके वक्त डील के नाम पर बोफोर्स याद आता है. आज डील की चर्चा गौरव से होती है.भारत की वजह से ग्लोबल साउथ की चर्चा, भारत के एमएसएमई पर दुनिया को भरोसा. रिफार्म-परफार्म हमारी नीति. बीएसएनएल को लेकर चुटकुले चलते थे, हमने आज स्वदेशी 4 जी खड़ा किया. कम्यूनिकेशन की नई टेक्नोलॉजी को हमने आगे बढ़ाया इसलिए दर्द जुबां पर आ रहा है. पीएम मोदी ने केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणी को सिख समुदाय का अपमान बताया. पीएम ने कहा, इसी सदन के एक माननीय सांसद को कांग्रेस के शातिर दिमाग युवराज (राहुल गांधी) ने गद्दार कह दिया. अहंकार कितना सातवें आसमान पर पहुंच गया है इनका. कांग्रेस छोड़कर कितने ही लोग निकले हैं, किसी और को नहीं कहा. ये सिख थे. ये सिखों का, गुरुओं का अपमान था. सिखों के प्रति उनके मन में जो नफरत भरी पड़ी है. मोहब्बत की दुकान वाले मोदी तेरी **कब्र खुदेगी के नारे लगा रहे:** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वैसे कांग्रेस के साथियों का हमारा विशेष प्रेम है. मुझे जो जिम्मेदारी मिली है, उसके तहत विकसित भारत की जमीन मजबूत कर रहे हैं. उसके ताकत दे रहे हैं. एक तरफ देश के युवाओं के लिए मजबूत जमीन तैयार कर रहा हूं, वहीं कांग्रेस मोदी की कब्र खोदने की तैयारी कर रही है. पीएम ने कहा- मोहब्बत की दुकान खोलने वाले मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगा रहे हैं. ये कौन सी दुकान है जो देश के किसी नागरिक की कब्र खोदने की बात करते हैं. ये कौन से संविधान से सीखा है, जो देश के किसी नागरिक की कब्र खोदने की बात करते हैं. मोदी ने कहा कि इसके बाद कहेंगे देखो प्रधानमंत्री राज्यसभा में रो रहा है, ये लोग किस प्रकार के संस्कार से पले बढ़े हैं. मेरे लिए अनुभव बुरा रहा है, 2002 से जब वे विपक्ष में थे, 2004 से जब वे सत्ता में थे तब से और 2014 से संसद का कोई सत्र नहीं गया जब मोदी को गाली न दी हो. धन्यवाद **प्रस्ताव हंगामे के बीच पास:** लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव हंगामे के बीच पास हो गया. 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री के भाषण के बिना पास हुआ है. पीएम की कुर्सी तक **पहुंची विपक्ष की महिला सांसद :** शाम 5 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तब विपक्ष की महिला सांसदों ने सत्ताधारी नेताओं की कुर्सियां घेर लीं. इनमें पीएम मोदी की कुर्सी भी थी. महिला सांसदों के हाथ में बड़े बैनर थे, जिन पर लिखा था- जो सही है, वो करो. ये सांसद मंगलवार को हंगामे के बाद 8 विपक्षी सांसदों के निलंबन का विरोध कर रही थीं.

#### वैचारिक स्तर पर भारत को हिंदुत्व पर गर्व...

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी संत महात्माओं को सिंहस्थ-2028 के लिए उज्जैन पधारने के लिए निमंत्रण दिया. सम्मेलन को जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी संबोधित किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने योगगुरू स्वामी रामदेव जी के साथ किया योगाभ्यास: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार में योगगुरु स्वामी रामदेव जी के साथ योगाभ्यास किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योग आज भारत की प्राचीन परंपरा से निकलकर वैश्विक जन-आंदोलन बन चुका है. हम सभी योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ, संतुलित व ऊर्जावान जीवन की ओर कदम बढ़ाएं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पतंजलि योगपीठ के वातावरण से प्रभावित होकर कहा कि योगपीठ का संस्कार, साधना और आत्मबल से परिपूर्ण वातावरण मन को अपार शांति प्रदान करता है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने योगगुरु स्वामी रामदेव जी के साथ हरिद्वार में भारत माता मंदिर में दर्शन, पूजन और यज्ञ में शामिल होकर सभी के मंगल एवं कल्याण की कामना की.

# बिहार की राजनीति में नया अंदाज

पहले कंधे पर हाथ और अब छुआ पैर, नीतीश-राज्यपाल की तस्वीरें वायरल

पटना. बिहार विधानमंडल बजट सत्र के पहले दिन विधानसभा परिसर में अनोखा नजारा देखने को मिला. दरअसल, बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का अभिभाषण हुआ. दोनों सदनों को संबोधित करने के लिए जब राज्यपाल बिहार विधानसभा पहुंचे तब उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. इस दौरान गजब का नजारा देखने को मिला. अचानक सीएम नीतीश राज्यपाल के पैर छूने लगे. हालांकि राज्यपाल ने उन्हें ऐसा करने से रोका. विधानसभा परिसर में हुआ यह वाकया कैमरे में कैद हो गया और तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. इस दौरान मौके पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार और विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह भी मौजूद थे. सीएम नीतीश के करीबी मंत्री विजय चौधरी भी मौके पर मौजूद थे. तस्वीर में सभी खुश दिखाई दे रहे हैं और हाथ जोड़कर राज्यपाल का अभिवादन कर रहे हैं तो वहीं सीएम नीतीश छूकर पैर छू रहे हैं. यह पहली बार नहीं है जब ऐसा नजारा देखने को मिला है.

> इसके पहले भी 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर भी सीएम नीतीश और राज्यपाल के बीच अजब-गजब तस्वीर देखने को मिली .सीएम नीतीश राज्यपाल के कंधे पर हाथ रख कर चल रहे थे. वहीं अब जो तस्वीर सामने आई है इसमें सीएम नीतीश राज्यपाल का पैर छूते नजर आ रहे हैं. ऐसा पहली बार नहीं है जब सीएम नीतीश किसी के पैर को छूते नजर आए हो इसके पहले भी सीएम की ऐसी तस्वीर सामने आती रहती है, जिनपर विपक्ष के द्वारा सवाल भी खड़ा किया जाता है.

# डीएमके अतिरिक्त सीट छोड़ने पर राजी नहीं

**चेन्नई. तमिलनाडु में सीट बंटवारे का फॉर्मूला तय हो गया लगता है. राहुल गांधी की तमिलनाडु यात्रा के बाद शांति बहाल हो गई है.**

कांग्रेस के नेताओं ने अलग होकर लड़ने या फिल्म स्टार विजय की नई बनी पार्टी टीवीके से तालमेल की बातें बंद कर दी हैं. कहा जा रहा है कि राहुल गांधी ने साफ संदेश दिया है कि डीएमके से मिल कर ही लड़ना है. दूसरी ओर डीएमके ने साफ कर दिया कि वह पिछली बार के मुकाबले एक भी ज्यादा सीट देने को तैयार नहीं है. पिछली बार डीएमके ने कांग्रेस के लिए 25 विधानसभा सीटें छोड़ी थीं. यह एक तय फॉर्मूले के हिसाब से हुआ था. ध्यान रहे लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को अपेक्षाकृत काफी ज्यादा नौ सीटें मिलती हैं. लेकिन विधानसभा चुनाव में डीएमके ज्यादा सीटों पर लड़ती है. डीएमके ने इस बार भी 25 सीटों देने की सूचना कांग्रेस को दे दी है. डीएमके और कांग्रेस के अलावा इस गठबंधन में 10 पार्टियां हैं और इस बार फिल्म स्टार कमल हसन की पार्टी भी एमएनएम भी साथ मिल कर लड़ेगी.

# क्या वाम-कांग्रेस में होगा गठबंधन?

**कोलकाता.** एसआईआर को लेकर पश्चिम बंगाल की राजनीति में हलचल है. वोट-मुखी पश्चिम बंगाल में हर दिन राजनीतिक पारा बढ़ रहा है. इसके साथ ही राजनीतिक समीकरणों पर भी चर्चा शुरू हो गई है. इस माहौल में 2026 के विधानसभा चुनाव में क्या वाम-कांग्रेस सीट समझौता करेगी, इस पर विभिन्न हलकों में चर्चा शुरू हो गई है. इस संबंध में अब सीपीआईएम राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने अपनी स्थिति स्पष्ट की. उनसे पूछा गया, चुनाव तो लगभग आ गया है. आप भी निश्चित रूप से अपनी रणनीति बना रहे हैं. 2021 में आप कांग्रेस के साथ गए थे. इस बार कांग्रेस के साथ आपका क्या रुख है?

उत्तर में मोहम्मद सलीम ने कहा, हम पिछले पूजा के बाद से ही वाम मोर्चे के जो सहयोगी हैं, उनके साथ चर्चा कर रहे हैं. चार दौर की चर्चा हो चुकी है. अब फाइनल स्टेज में है. क्योंकि किसी और से बात करने से पहले तो अपना घर ठीक करना होता है. पहले सीपीआईएम फिर वाम मोर्चा. वाम मोर्चे के निर्णय के अनुसार, वाम मोर्चे के बाहर जो वाम दल हैं, उनके साथ हम चर्चा कर रहे हैं. अभी चर्चा पूरी नहीं हुई है. उन्होंने आगे कहा, हमने सीपीआईएमएल लिबरेशन से बात की है. वे इस बात से सहमत हैं कि वाम मोर्चे में नहीं रहेंगे. वाम मोर्चे के सहयोगी के रूप में हमारा समर्थन करेंगे, हम मिलकर बीजेपी-तृणमूल को हराने के लिए लड़ेंगे.

सीट को लेकर जिस दिन बैठेंगे उस दिन फाइनल हो जाएगा. सलीम कहते हैं, वाम के बाहर जो हैं,

CAPRI GLOBAL CAPITAL LIMITED

**कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड**

**पंजीकृत एवं कॉर्पोरेट कार्यालय : 502, टॉवर-ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013.**

**सर्किल ऑफिस : 9-बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली-110060**

**मांग नोटिस**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के साथ पठित। नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अंतर्गत कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल) के प्राधिकृत अधिकारी हैं. उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग नोटिस जारी किए हैं, जिसमें निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) (उक्त उधारकर्ता(ओं)) को, उन्हें जारी किए गए संबंधित मांग नोटिस(ओं) में उल्लिखित राशियों को चुकाने के लिए कहा गया है, जो नीचे भी दिए गए हैं. उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर, उक्त उधारकर्ता को इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर सीजीसीएल को नीचे दर्शाई गई राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, साथ ही नीचे उल्लिखित तिथि से लेकर भुगतान और/या वसूली की तिथि तक लागू ब्याज भी देना होगा, जो उक्त उधारकर्ता द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों के साथ पढ़े गए ऋण समझौते के तहत देय है. ऋण की उचित चुकौती के लिए सुरक्षा के रूप में, उक्त उधारकर्ता द्वारा सीजीसीएल को क्रमश: निम्नलिखित संपत्तियां गिरवी रखी गई हैं.

| स. क्र. | उधारकर्ता/गारंटर का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि | सुरक्षित संपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | **(लोन अकाउंट नंबर LNMEIN5000159387 (पुराना) 80300005674252 (नया) (इंदौर ब्रांच) स्वर्गीय सरदार सिंह पुत्र श्री उमराव सिंह अपने कानूनी वारिसों के माध्यम से (कर्जदार) श्रीमती राजू बाई (सह-कर्जदार)** | **27.01.2026 रु. 27,17,298/- (05.01.2026 तक)** | सर्वे नंबर 73 (जमीन का क्षेत्रफल 0.076 हेक्टेयर) और 72/2 पैकी (जमीन का क्षेत्रफल 0.033 हेक्टेयर) पर स्थित जमीन और इमारत वाली संपत्ति का पूरा टुकड़ा, कुल जमीन का क्षेत्रफल 0.109 हेक्टेयर यानी 11,700 वर्ग फुट, पीएच नंबर 273, ग्राम लोहारी बुजुर्ग, तहसील और जिला धार, मध्य प्रदेश 454001. जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं- उत्तर- आम रास्ता, दक्षिण- रामलाल की जमीन, पूर्व- अपनी कृषि भूमि, पश्चिम- रामलाल की जमीन और मकान. |

यदि उक्त उधारकर्ता सीजीसीएल को पूर्वोक्त भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो सीजीसीएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों के खिलाफ कार्यवाही करेगा, जो पूरी तरह से उक्त उधारकर्ताओं के लागत और परिणामों के जोखिम पर होगी। उक्त उधारकर्ताओं को अधिनियम के तहत पूर्वोक्त परिसंपत्तियों को सीजीसीएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है. कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन करने के लिए उकसाता है, उसे अधिनियम के तहत कारावास और/या दंड का सामना करना पड़ेगा.

**स्थान : धार**
**दिनांक : 6/2/2026**

**एसडी/- (प्राधिकृत अधिकारी)**
**कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल) के लिए**